तापमान
अधिकतम 15 .6 डिग्री
न्यूनतम 2.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 जनवरी 2024

11 दौड़ में रोहताश और सुनीता रहे अव्वल



12 राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीते म्हारे छोरे



# आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने भगवान वाल्मीकि आश्रम से दिया समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गोहाना वाल्मीकि आश्रम से समरसता का संदेश दिया। इसी आश्रम से राम मन्दिर निधि समर्पण का शुभारम्भ स्वामी ज्ञानानंद महाराज की उपस्थिति में हुआ था। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि प्रभु श्री राम से विश्व का परिचय कराने वाले भगवान वाल्मीकि हैं। रामायण महाकाव्य में प्रेम, मधुरता व समरसता का सार छिपा हुआ है। उन्होने आश्रम में प्रवेश करते ही संतों की समाधियों पर पुष्प अर्पित किए और भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा के दर्शन कर आरती में भाग लिया। इससे पहले मोहन भागवत की आगवानी आश्रम के मुख्यसेवक दीपक आदित्य, पवन कुमार व प्राण रत्नाकर ने की। उन्होंने आश्रम में उपस्थित विभिन्न जाति वर्ग के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे महर्षि वाल्मीकि आश्रम में आएं ताकि परस्पर प्रेम प्रगाढ़ हो तथा धर्म व देश और अधिक मजबूत बने। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित संतों को 22 जनवरी को मन्दिरों में दीपावली मनाने तथा सीधा प्रसारण देखने के लिए अक्षत भेंट कर निमन्त्रण दिया। समारोह में मनशाह महाराज , रमेश विकल महाराज, रविशाह महाराज, गुरुचरण स्वामी, सांवरी मैया, डॉ. बुद्ध प्रताप महाराज, दिव्यानंद पुरी महाराज और राजेंद्र दास ने शाल ओढा कर डा. मोहन भागवत का अभिन्दन किया। भागवत ने भी सभी संत महात्माओं को शाल ओढ़ाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वागत में रामकुमार मित्तल, सुलतान सिंह भारतभूषण, दिनेश सुरेंद्र, बृजेश, रामधारी प्रधान, विनोद सेहरावत, श्यामलाल वशिष्ठ, रणधीर सैनी, संजय महंदीरता और नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी भी उपस्थित रहे।

■ संतों को 22 जनवरी को मन्दिरों में दीपावली मनाने तथा सीधा प्रसारण देखने के लिए अक्षत भेंट कर निमन्त्रण दिया



गोहाना। डॉ. मोहन भागवत को स्मृति चिह्न भेंट करता संत समाज।

## भगवान वाल्मीकि आश्रम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण देने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत रविवार को गोहाना में समता चौक के समीप स्थित भगवान वाल्मीकि आश्रम में पहुंचे। मोहन भागवत वाल्मीकि आश्रम में आयोजित पूजन समारोह में शामिल हुए और लोगों को अयोध्या में आयोजित होने वाले भगवान श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया।

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगा। इसी को लेकर आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत रविवार सायं के समय वाल्मीकि आश्रम में पहुंचे। उनके आगमन को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

आश्रम के बाहर भी पुलिस बल तैनात रहा। आरएसएस सरसंघचालक ने मीडिया से बातचीत नहीं की। वे सीधे आश्रम में पहुंचे और वहां भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। समारोह में शहर के विभिन्न संगठनों के गणमान्य व्यक्तियों और वाल्मीकि मंदिरों के अध्यक्षों ने भाग लिया। मोहन भागवत ने कहा कि देश के हर नागरिक के दिल में भगवान राम बसते हैं। उन्होंने लोगों के साथ अपने अनुभव सांझा किए श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर वाल्मीकि त्रिकालदर्शी सोसायटी के प्रतिनिधि और भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू विरमानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।





आश्रम के बाहर तैनात जवान

## खबर संक्षेप



### ऋषि पाल साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित

**खरखौदा।** भदाना निवासी ऋषि पाल को कल्प कथा साहित्य संस्था द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में उनके द्वारा रचित सामाजिक एवं देश भक्ति कविताओं के लिए साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि गांव जाखौली में साहित्यिक क्षेत्र एवं विधा के माध्यम से समाज को नई दिशा देने और धर्म, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने वाली कल्पकथा साहित्य संस्था द्वारा एकदिवसीय कल्प महोत्सव समाजसेवी रमेश चौधरी की अध्यक्षता में श्री राधा कृष्ण मंदिर में 12 जनवरी को आयोजित किया गया था। इस कवि सम्मेलन में उन्होंने अपनी स्व रचित सामाजिक एवं देशभक्ति कविताओं की शानदार प्रस्तुति के लिए साहित्य श्री सम्मान से सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में मा जगबीर चौहान, सुनीता देवी, ओमबती, विजय एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### गोवंश के लिए गोशाला को एंबुलेंस की भेंट

**गोहाना।** गांव बलि ब्राह्मणान स्थित गोशाला में रविवार को वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। इस मौके पर दीपेंद्र हुड्डा ब्रिगेड के प्रदेश महासचिव रणदीप उर्फ नान्हा रुखी ने गोशाला में आसपास के क्षेत्र से पीड़ित व घायल गोवंशी को पहुंचाने के लिए एंबुलेंस दी। इसके साथ उन्होंने जसिया गांव में चौ. छोटूराम धाम पर एक कमरा बनवाने की घोषणा की। रणदीप ने कहा कि गोवंश की जितनी सेवा की जाए उतनी कम है। हिंदू संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। कांग्रेस नेता राजमल चहल ने गोशाला में गोवंश की सेवा के लिए 51 हजार रुपये दान दिया।

# कोई पहुंचा सरयू नदी तक तो किसी ने किए रामलला के दर्शन

## भगवान राम मंदिर को लेकर अयोध्या में हुए थे 1990 और 1992 में आंदोलन सोनीपत से कार सेवा करने पहुंचे लोगों ने साझा की यादें

दीपक वर्मा ▶▶ सोनीपत

वर्ष 1990 और 1992 में अयोध्या में हुए बड़े आंदोलन में सोनीपत से भी कई लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। राम मंदिर मामले में वर्ष 1990 में हुए आंदोलन में कार सेवकों का जत्था अयोध्या रवाना हुआ था। रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने की इच्छा से गए इन लोगों को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। अधिकतर ने पैदल ही अयोध्या तक का सफर शुरू किया, जिसमें से कुछ को तो अयोध्या नगरी के दूर से ही दर्शन मिल पाए, वहीं कुछ खुशनसीब थे जोकि अयोध्या भी पहुंचें और रामलला के दर्शन भी किए। गोलीबारी और लाठीचार्ज के बीच कार सेवकों ने दिन खेतों में छिपकर गुजाते तो रात के अंधेरे में पैदल रास्ता तय करते हुए अयोध्या पहुंचे थे। अलग-अलग दलों के सदस्य को लखनऊ तो किसी को सरयू नदी के पास गिरफ्तार किया गया। इस दौरान जहां गांवों में कहीं सत्कार मिला तो कहीं विशेष समुदाय के लोगों ने दुर्व्यवहार किया। अपने इन्हीं संघर्ष को आंदोलन में शामिल होने वाले लोगों ने सांझा किया है। जिसके बारे में हरिभूमि यहां बताने जा रहा है।

### रात को नाव में सवार होकर पहुंचे थे अयोध्या : सुभाष चंद गुप्ता

सोनीपत से कारसेवकों में भाग लेने वालों में विश्व हिंदू परिषद के रोहतक विभाग मंत्री व सेक्टर 15 निवासी सुभाष चंद गुप्ता ने बताया कि उन दिनों वे फरीदाबाद में रहते थे। 21 अक्तूबर 1990 को लगभग 300 कार सेवकों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। अयोध्या से पहले मनकापुर में पुलिस ने ट्रेन को रुकवा लिया और कार सेवकों को गिरफ्तार कर स्कूल में कैद कर दिया। मैं बचकर निकल भागा और खेतों में छिप गया। सुभाष चंद गुप्ता बताते हैं कि दिन में ईंख के खेतों में छिपे रहते और रात को पैदल ही अपना सफर तय करते थे। सभी को कोर्ड वर्ड दिए गए थे। जिनकी सहायता से सहायता मिल जाती थी। पैदल 11 दिन रास्ता तय कर अयोध्या में सरयू नदी के पुल पर पहुंचे। जहां पुलिस ने घेरकर लाठियां बरसाई गई। कई लोगों ने बचने के लिए पुल से नदी में छलांग लगा दी थी। पुलिस ने वहां से वापस खदेड़ दिया। वे गोरखपुर पहुंचे और सरयू के भयानक जंगल से होते हुए रात में नदी को नाव के सहारे पर कर अयोध्या गए थे।



### आंसू गैस के प्रभाव से बचने के लिए मुंह पर चूना लगाकर पहुंचे

सुभाष गुप्ता ने बताया कि दो नवंबर को हनुमान गढ़ी से आगे पुलिस व सेना तैनात थी। कार सेवकों को रोकने के लिए गोलियां बरसाई गई। उन्होंने ने आंसू गैस के प्रभाव से बचने के लिए मुंह पर चूना मला हुआ था। मेरी ड्यूटी उन पर पानी की बौछार करने की लगाई गई थी, ताकि आंसू गैस का प्रभाव कम हो सके। पुलिस ने कार सेवकों को रोकने के लिए गोलियां बरसाई। जिससे भगदड़ मच गई। सभी वहां से भाग गए, लेकिन मैं अकेला वहीं फंस गया। हालांकि पुलिस ने मुझे छोड़ दिया। 7 नवंबर 1990 को मैं वहां से वापस फरीदाबाद आ गया। साल 1991 की शुरूआत में रामलला के आशीर्वाद से सोनीपत के मुरथल स्थित छोटूराम इंजीनियरिंग कॉलेज में ड्राफ्ट्समैन की नौकरी मिल गई। तभी से सोनीपत में रहने लगे।

### देवी शरण सिंगल छह लोगों का जत्था बनाकर पहुंचे थे अयोध्या

गन्नौर निवासी 77 वर्षीय दंत चिकित्सक देवी शरण सिंगल ने बताया कि उन दिनों हर रोज मंदिर में बैठक होती और फैसला किया जाता कि किस तरह जाना है और कैसे रहना है। बैठक में निर्णय हुआ कि 6-6 लोगो का जत्था बनाकर अयोध्या के लिए रवाना होंगे। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अगर जत्थे में एक व्यक्ति को पुलिस पकड़ ले तो सभी 6 लोग अपनी गिरफ्तारी देंगे। जिसके बाद सभी जत्थों के रूप में रेलगाड़ी से अयोध्या पहुंचे। उस समय सरकार बदल चुकी थी, लेकिन माहौल ज्यों का त्यों था। विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस तैनात थी। कड़ाके की ठंड में अयोध्या पहुंचने पर सर्वप्रथम गर्म कपड़ों का प्रबंध किया। वे करीब 5 दिन अयोध्या रहे।



### भीड़ के कारण भोजन मिलना बना चुनौती, सड़कों पर बिताई रात

देवी शरण बताते हैं कि अयोध्या में लोगों की भारी भीड़ के बीच उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पेट भरने की थी। प्रसाद की लंबी लाइनें लगती थी, भीड़ ज्यादा होने के कारण कभी सब्जी नहीं मिलती तो कभी रोटी। जो भी हाथ लगता वही खाकर गुजारा किया। सर्द रातों में सड़कों पर सो कर कई रात गुजारी। हालांकि पुलिस की सख्ती के कारण हम रामलला के दर्शन नही हो सके। जिसके बाद सभी वापस घर लौट आए। वापस पहुंचने पर राम भक्तों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद आपातकाल में जेल में बंद रहे थे। बाहर आने पर रामलला के दर्शन करने परिवार सहित पहुंचें, लेकिन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

### पैदल चलकर सरयू पुल तक पहुंचे तो पुलिस ने किया पथराव : अशोक

मॉडल टाउन निवासी अध्यापक अशोक कुमार ने बताया कि अयोध्या आंदोलन के दौरान 28 अक्तूबर 1990 को सोनीपत से 28 सदस्यीय दल अयोध्या के लिए रवाना हुआ था। हम जब गाजियाबाद पहुंचे तो 20 सदस्यों को पुलिस ने पकड़ लिया था। हम आठ सदस्य पुलिस से बचते हुए भाग गए थे। पुलिस से बचने के लिए रात को खेत में ही छिपे रहे। यहां से तीन दिन पैदल चलकर सरयु पुल तक का सफर तय किया। ग्रामीण हाथ में ही रोटियां दे देते थे। सरयु पुल पर पुलिस ने पत्थरबाजी कर दी। हमारे एक साथी सुधीर भुटानी सिर में पत्थर लगने से घायल हो गए थे। हम फिर भी आगे बढ़ते रहे।



### गोलाबारी के बीच पहुंच गए रामलला तक, दर्शन कर खुद का किया धन्य

अशोक कुमार ने बताया कि दो नवंबर 1990 को स्थिति बेहद विकट हो गई थी। पुलिस ने भीड़ को कंट्रोल करने के लिए गोलियां बरसाई। जिससे भगदड़ मच गई थी। इसमें दो कुठारी बंधुओं की मौत हो गई थी। हम सभी जैसे-तैसे बचते बचाते रामलला के दरबार तक पहुंचे। जहां रामलला एक गुंबद में विराजे हुए थे। उनके दर्शन करने के बाद खुद को धन्य किया और वापस लौट आए। अशोक कुमार ने बताया कि गुंबद में विराजे रामलला के दर्शन करने के बाद जब लौटे तो महिलाओं ने भी पैर छुए थे। उन दिनों में लोगों का जोश और उत्साह चरम पर था।

### अपने साथ लाए थे विवादित ढांचे का टुकड़ा, आज भी सुरक्षित : कामरा

माधव अनुभवी शाखा सेक्टर-15 के शाखा पालक राम कामरा ने बताया कि वे पहली बार 27 अक्तूबर 1990 को अयोध्या रवाना हुए थे। ट्रेन सुबह करीब 6 बजे लखनऊ पहुंची। रात वहीं गुजारी और अगले दिन सुबह पैदल यात्रा निकाली। मुख्य सड़क पहुंचते ही पुलिस पुलिस ने डंडे बरसाए और गिरफ्तारियां की। करीब 40 लोगों को 6 बाई 5 की एक रसोई में ठूंस दिया। खटमल वाले कंबल ओढ़ने को दिए। 10 घंटे वहीं बिताए। फिर एफसीआई गोदाम में बनी जेल में डाल दिया। 19 दिन बाद छोड़ा। इसके बाद 4 दिसंबर 1992 को दोबारा अयोध्या गए। हरियाणा के शिविर में रूके थे रात को करीब दो हजार युवाओं ने हाथों में कुदाल लेकर चढ़ाई की। रात भर काम में लगे रहे। मिलिट्री आई तो वापस हो गए। वहां से मलबे का टूकड़ा भी साथ लेकर आए थे, जो आज तक साथ है। वापसी में छह मार्गों पर वृक्ष काटकर डाल दिए थे, ताकि सेना समय पर ना पहुंच सके। वापस लौटने पर शिव सेवा समिति ने मॉडल टाउन से शहर में शोभा यात्रा निकाली और श्रीराम नाम का पदक पहनाकर सम्मानित किया था।



### 19 दिन रहे जेल में, 50वीं सालगिरह अयोध्या में मनाई

राम कामरा ने बताया कि पुलिस की लाठियां झेलते हुए 19 दिन जेल में बिताने पड़े। उसके बावजूद भी रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने का हौसला बुलंद रहा था। उन्होंने बताया कि राम मंदिर निर्माण के दौरान दो बार अयोध्या गए थे। जहां एक टेंट में विराजे रामलाल को देखकर मन बड़ा दुखी होता था। इसीलिये अब 6 दिसंबर 2023 को शादी की 50वीं सालगिरह भी अयोध्या पहुंचकर परिवार के साथ मनाई।

### कहीं मिला प्यार तो कहीं हुआ दुर्व्यवहार : डॉ. दीपचंद गर्ग

गन्नौर निवासी 75 वर्षीय बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपचंद गर्ग ने बताया कि नवंबर 1990 में गन्नौर से 21 सदस्यीय दल अयोध्या के लिए रवाना हुआ था। दो जत्थे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिये एक जत्था पुलिस से बचकर निकल गया। वे सभी लखनऊ से बस में सवार होकर गोंडा पहुंचे थे। बस में सवार गोहाना के दल ने जैसे ही जय श्रीराम का उद्घोष किया, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। वे सभी पुलिस से बचकर खेतों में जा छिपे। यहां तीन दिन बाग में बिताए। यहां से रात के अंधेरे में अयोध्या तक का सफर तय किया। गांवों से होते हुए अयोध्या पहुंचें। रास्ते में कई जगहों पर बहुत प्यार मिला, लेकिन कई जगहों पर विशेष समुदाय के लोगों ने दुर्व्यवहार भी किया।






सोनीपत। 1992 में अयोध्या से लाया गया विवादित ढांचे का टुकड़ा व श्रीराम नाम का पदक।

### सरयू पार कर रहे थे, पुलिस ने कर लिया गिरफ्तार

डॉ. दीपचंद गर्ग बताते हैं कि वह 25 किलोमीटर पैदल चलते हुए वह सरयू नदी किनारे पहुंचे। जहां से अयोध्या नगरी साफ नजर आ रही थी। पुल पर पुलिस प्रदर्शनकारियों पर लाठियां बरसा रही थी। कहीं गोलियां बरसाई जा रही थी। वहां का मंजर देख रोंगटे खड़े हो गए थे। इसके बावजूद रामलला के दर्शन करने के लिए बचते-बचाते आगे बढ़ते रहे। पुल पार करते ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और गाड़ी में बैठाकर स्टेशन पर छोड़ा। जिसके बाद सभी वापस लौट आए थे। पुलिस के विरोध के कारण रामलला के दर्शनों से वंचित रह गए थे। वापस लौटने पर भव्य स्वागत किया गया।

# बिजली चोरी पकड़ने के लिए खरखौदा सहित जिले में 30 से अधिक स्थानों पर छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

जिला में विजिलेंस के एसडीओ के साथ हरियाणा एनफोर्समेंट ब्यूरो की दो टीमों द्वारा लगातार बिजली चोरी पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही है। सोनीपत इनफोर्समेंट इंचार्ज इंस्पेक्टर जनक सिंह की टीम सुबह 7 बजे से देर रात 11 बजे तक साथ रही। इस अभियान के तहत खरखौदा, गोहाना, गन्नौर, बहालगढ़, राई, सिटी सोनीपत में कई जगह पर बिजली चोरी पकड़ी गई। जिसमें बिजली चोरी के कई मामले सामने आए और उन पर लाखों रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया। जिले में बिजली चोरी के सात मामले पकड़े गए हैं। जिन पर बिजली चोरी का आरोप लगा है, उसमें राजेश छोटी लालहेरी में दुकान, गन्नौर में एचएसआईडीसी कॉर्नर पर टिंकू फास्ट फूड शॉप, प्यारेलाल स्वीट कॉर्नर सोनीपत, इसी के नजदीक सुरेंद्र स्वीट कॉर्नर, खानपुर मेडिकल गेट के पास राजवंती की दुकान, खरखौदा सोनीपत मार्ग पर फर्टिलाइजर शॉप भतेरी देवी, हरसाना मोड़ के पास सुशीला स्वीट कॉर्नर पर चोरी करने के आरोप लगे हैं। सोनीपत एनफोर्समेंट एसएचओ इंस्पेक्टर जनक सिंह ने बताया कि इस दौरान खरखौदा में कई कमर्शियल स्थानों पर भी रेड की गई थी। लेकिन वहां पर चोरी नहीं मिली। उन्होंने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रदेश में कुल 376 स्थान पर छापेमारी की गई थी।

■ सुबह सात बजे से राज 11 बजे तक चली छापेमारी



खरखौदा। बिजली मीटरों की जांच करते अधिकारी।

# सोता रहा परिवार, चोर उड़ा ले गए आभूषण और सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, चोरी का केस दर्ज किया

बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पलड़ा में घर से सोने-चांदी के जेवरात सहित सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

**दूसरे कमरे में सो रहे थे :**
गांव पलड़ा निवासी अनिल ने बताया कि वह परिवार सहित खाना-खाने के बाद कमरे में जाकर सो गया। सुबह उठकर देखा तो उसके दूसरे कमरे का सामान बिखरा हुआ पड़ा था। कमरे के अंदर अलमारी की जांच की तो उसे सोने की चैन, सोने का हार, सोने का कड़ा, मुगल सूत्र, सोने की तीन अंगुठी,चांदी की पाजेब, व पचास हजार रुपये की राशि सहित जरूरी कागजात गायब मिले। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर नमूने एकत्रित करवाएं। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# युवक को मदद करना पड़ा महंगा, मोबाइल लेकर फरार

**सोनीपत।** बहालगढ़ चौक पर युवक को दो युवकों की मदद करना महंगा पड़ गया। युवक को झांसे में लेकर दोनों उसका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। उसके फोन पर सोशल साइड के जरिए खाते से राशि निकाल ली। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। इब्राहिमपुर माजरा बड़ौत यूपी निवासी आशीष कुमार ने बताया कि गत 11 जनवरी को वह देर शाम करीब 3 बजे बहालगढ़ चौक पर खड़ा था। उसी दौरान दो युवक उसके पास आए। उन्होंने आते ही उससे कहा कि उनका मोबाइल बंद हो गया है। उन्हें जरूरी फोन करना है। उसने अपना फोन युवक को दे दिया। वहीं दूसरा युवक उससे बातचीत करने लगा। उसी दौरान युवक उसका मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। कुछ देर बाद दूसरा युवक भी फरार हो गया। उन्होंने मोबाइल पर सोशल साइड फोन-पे से उसके खाते से रुपये भी निकाल लिए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। बहालगढ़ थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व प्रधानमंत्री नंदा का श्रद्धांजलि समारोह आज

कुरुक्षेत्र। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की पुण्यतिथि 15 जनवरी 2024 को सदाचार स्थल पर सुबह 10 बजे एक श्रद्घांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। यह जानकारी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने दी है।

### तीसरी मंजिल से गिरी महिला, मौत

**पानीपत।** पानीपत में विवाहिता 23 वर्षीय फौजिया पत्नी महताब अंसारी मूल निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी शिव नगर में घर की करीब तीस फुट उंची तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। इस हादसे में फौजिया की मौत हो गई। पति महताब ने बताया कि फौजिया गली में खेल रहे बच्चे को आवाज लगाने के लिए बालकनी से झुकी, इस दौरान उसके पैर का संतुलन बिगड़ गया और नीचे गिर गई।

### हादसे में घायल वकील की मौत

**पानीपत।** पानीपत बार एसोसिएशन के सीनियर वकील 50 वर्षीय राजेश कुमार निवासी गांव अलुपुर जिला पानीपत की सड़क हादसे में मौत हो गई। राजेश दो जनवरी को बाइक पर सवार होकर जा रहा था, गांव भंडारी के पास रास्ते में अज्ञात वाहन ने राजेश को टक्कर मार दी थी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने राजेश को उपचार के लिए दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने राजेश की मौत के मामले में अज्ञात वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की जान गई

**इसराना।** पानीपत के गांव मांडी के पास कार ने संजय कुमार निवासी गांव मांडी जिला पानीपत को टक्कर मार दी। हादसे में संजय की मौत हो गई। थाना इसराना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद संजय का शव उसके परिजनों को सौंप दिया ।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

पानीपत। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मतलौडा में एनएसएस के शिविर के तीसरे दिन मतलौडा पुलिस थाने से ट्रैफिक हवलदार सतबीर सिंह, हवलदार अनिल कुमार कांस्टेबल, प्रवीण व मनोज कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को यातायात नियम की पालन करने तथा साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया।

# कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम बनकर तैयार, जल्द होगा लोकार्पण : सीएम

## मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का किया निरीक्षण, खिलाड़ियों को दी बधाई, कहा-खेलों में प्रदेश व देश का करें नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए व हॉकी खिलाड़ियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जल्द ही इसका लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हॉकी खिलाडियों को नए स्टेडियम के बनने की शुभकामनाएं एवं बधाई और कहा कि इस स्टेडियम में बेहतरीन तरीके से अभ्यास करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रदेश व देश का नाम रोशन करें।

■ हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही, अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही : मनोहर लाल

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि खिलाड़ी अपने गांव में ही बेहतर अभ्यास कर सकें।

इस मौके पर उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने बताया कि शहर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है। इन सुविधाओं से यहां के खिलाड़ियों को अपने शहर में ही प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। इन्हीं खेल सुविधाओं में से एक कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही यह जनता को समर्पित होगा।

उन्होंने बताया कि यह हॉकी स्टेडियम इंटरनेशनल फैडरेशन ऑफ हॉकी के मानकों के अनुसार बनाया गया है। इसके निर्माण पर करीब 18 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि खर्च हुई है और यह स्टेडियम साढ़े 6 एकड़ भूमि में बनकर तैयार हुआ है।

खास बात यह है कि एस्ट्रो टर्फ विदेशी तकनीक से निर्मित है। मेन ग्राउंड में 6 स्प्रिंकल लगाए गए हैं। इसके अलावा मैदान में रोशनी के लिए 34 मीटर उंचाई के 4 पोल पर एक-एक हजार वॉट की 72 एलईडी लाइट लगाई गई हैं। स्कोर बोर्ड के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। स्टेडियम में अलग से 400 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है तथा 160 केवी के जनरेटर का भी प्रबंध किया गया है।

उन्होंने बताया कि हॉकी स्टेडियम में दिन-रात किसी भी अवधि में मैच आयोजित किए जा सकेंगे। स्टेडियम में 600 दर्शकों के बैठने का प्रबंध किया गया है जिसमें तीन गैलरी बनाई गई हैं। इसमें एक गैलरी वीआईपी जिसमें 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

इसके साथ ही दो अन्य गैलरी सामान्य दर्शकों के लिए बनाई गई है जिसमें प्रत्येक में 250 दर्शक बैठ सकते हैं। प्रत्येक गैलरी के बेस में तीन-तीन कमरे, बाथरूम व शौचालय, महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बनाए गए हैं। इन तीन कमरों में से एक कमरा मेडिकल स्टाफ के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा एक कॉमन लॉबी भी बनाई गई है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, डिप्टी मेयर नवीन कुमार, भाजपा नेता सतीश पोसवाल, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, निगम कमिश्नर अभिषेक मीणा, केएससीएल के जीएम रामफल तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सुल्तानपुर चौक पर सीएम ने लगाई ब्रेक, दुकान पर चाय पी, राहगीरों से खुलकर बात की

अंबाला। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के काफिले ने रविवार को अचानक करनाल से चंडीगढ़ जाते हुए अंबाला-चंडीगढ़ मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर चौक पर ब्रेक लगा दी। मुख्यमंत्री यहां अचानक से एक चाय की दुकान पर रूके। यहां खड़े लोगों से उनका हाल चाल जाना। अचानक से अपने बीच सीएम की मौजूदगी से लोग बेहद खुश हुए। यहां मुख्यमंत्री ने न केवल आम आदमी की तरह वहां खड़े होकर चाय की चुस्कियां लेते हुए उनसे उनकी समस्याएं जानी बल्कि उन्हें मकर संक्राति पर्व की शुभकामनाएं भी दी। लोगों ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि इस रोड़ पर क्रॉसिंग पर पुल न होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां खड़े युवाओं ने लोगों के बीच बिना किसी सुरक्षा घेरे के सीएम को देखकर उनकी फोटो भी अपने मोबाइल के कैमरे में कैद की। युवाओं का कहना था कि सुरक्षा की दृष्टिगत सीएम का सुरक्षा घेरा काफी मजबूत होता है। वहां तक बिना स्वीकृति के नहीं पहुंच जा सकता है। मगर सीएम मनोहर लाल आम लोगों की तरह लोगों से मिलते रहे। चाय विक्रेता दुकानदार ने कहा कि यह उनके लिए ऐसे क्षण थे जिसे वे जीवन में कभी भूला नहीं पाएंगे।

■ चौक पर हादसे रोकने के लिए लोगों ने ओवरब्रिज बनाने की मांग रखी, जल्द समस्या के समाधान का मिला आशवासन



मुख्यमंत्री मनोहर लाल रेलवे स्टेशन के बाहर बेसहारा लोगों का जायजा लेते हुए।

## सीएम की दरियादिली: जरुरतमंदों को सिक्योरिटी की गाड़ी से पहुंचाया रैन बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शनिवार रात्रि अचानक से करनाल रेलवे स्टेशन के बाहर का दौरा किया। यहां ठंड में बैठे बेसहारा लोगों को देख उन्होंने तत्काल इन्हें रैन बसेरा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया और इसके लिए अपनी खुद की सिक्योरिटी में लगी गाड़ी के माध्यम से रैन बसेरा तक पहुंचाया।

■ रेलवे स्टेशन के बाहर पहुंचे थे मुख्यमंत्री, रैन बसेरा में शिफ्ट किए गए लोगों के खाने के लिए अपने कोष से दिए ढाई लाख रुपये

इस दौरान मुख्यमंत्री वहीं मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि कड़ाके की ठंड में रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ लोग खुले में रात बिताते हैं। ऐसे में मैंने स्वयं यहां आकर इसका जायजा लिया। यहां काफी संख्या में लोग बाहर बैठे थे। ऐसे में इन्हें तत्काल रैन बसेरा पहुंचाया गया। वहीं जिला उपायुक्त को निर्देश दिए कि इन लोगों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था रैन बसेरा में की जाए। उन्होंने कहा कि आज लोहड़ी का त्योहार है ऐसे में इन्हें मूंगफली व अन्य खाद्य सामग्री देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों की खाने की व्यवस्था करने के लिए ढाई लाख रुपये देने की भी घोषणा की है। दिन में ये लोग अपने-अपने काम पर जाएंगे और रात्रि के समय रैन बसेरा में रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता के नाते जरुरतमंद लोगों की मदद करना हमारा फर्ज बनता है, इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आना चाहिए।

इस दौरान जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इन लोगों को राम नगर के रैन बसेरा में शफ्टि किया गया। इस कार्य में मुख्यमंत्री सिक्योरिटी की गाड़ी लगी रही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, डीसी अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, निगम कमश्निर अभिषेक मीणा, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा आदि मौजूद रहे।

## धर्मनगरी से अयोध्या की ओर संतों का कूच आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



अयोध्या की ओर कूच करते श्रद्धालु।

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम प्रतिष्ठा समारोह को लेकर संतों का अयोध्या जी में जाने का कूच आज धर्मनगरी से आरंभ हो गया। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से आज गुरु ब्रह्मानंद आश्रम की साध्वी मैत्रीनन्द ने अयोध्या जी की ओर प्रस्थान किया। ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर से आज उन्होंने अपनी यात्रा अपने आश्रम के भक्तों व अनुयायियों के सहयोग से सनातन धर्म मंदिर न्यू कॉलोनी में पहुंचकर वहां भगवान श्री राम के दरबार में भगवान श्रीराम को नतमस्तक होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेकर अयोध्या की और कूच किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख राजेश अरोड़ा ने बताया कि साध्वी मैत्रीनन्द ने अपनी यात्रा आज से आरंभ कर दी है। 21 जनवरी तक वह अयोध्या पहुंच जाएंगी। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के सुरेश जोशी, राकेश मेहता के इलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सनातन धर्म मंदिर के कई सदस्य व गुरु ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर के कई भक्तजन उपस्थित थे।

### बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी हो गया। पर्स में 25 सौ रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पटियाला निवासी सुखविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 जनवरी को यमुनानगर किसी काम से आया था। दोपहर साढ़े 12 बजे वह जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ने लगा। इस दौरान उसकी जेब से अज्ञात व्यक्ति ने पर्स चोरी कर लिया।

पर्स में ढाई हजार रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। उसने पर्स चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पानीपत सिविल अस्पताल में बनेगा क्रिटिकल केयर ब्लॉक

### सीसीबी की 50 बेड की होगी क्षमता, 20 करोड़ की लागत आएगी, लैब भी बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला सिविल अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत तकरीबन 20 करोड़ की लागत से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) बनाया जाएगा, साथ ही अस्पताल में जिला इंटीग्रेटिडिड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी भी बनाई जाएगी। वहीं, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की ओर से भूमि की पैमाइश कर रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। क्रिटिकल केयर ब्लाक रनिंग में आने से ट्रामा सेंटर का अभाव नहीं रहेगा, इसके बनने से गंभीर रूप से घायल लोगों व गंभीर रोगों से पीडित रोगियों का उपचार सीसीबी में ही हो सकेगा और ऐसे रोगियों व घायलों को पीजीआई खानपुर या फिर रोहतक रेफर करने के केसों में कमी आएगी। स्मरणीय है कि स्वास्थ्य विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में जिला नागरिक अस्पताल और फील्ड में बढ़ने वाली सुविधाओं पर फोकस करना शुरू कर दिया है। लंबित प्रस्तावों के रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। जर्जर इमारतों की कंडम रिपोर्ट तैयार कराकर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी), लेबोरेट्री, वैक्सीन स्टोर, चिकित्सकों के आवास पर पूरी तरह से फोकस कर रखा है।

### लैब में हो सकेंगे 50 प्रकार के टेस्ट

सिविल सर्जन डा. जयंत आहूजा ने बताया कि नागरिक अस्पताल परिसर में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनना है। इसके लिए करीब 3500 वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है। इसमें कोरोना पाजिटिव, हार्ट-ब्रेन अटैक, फेफड़ों संबंधी रोगी, आग व करंट से झुलसे लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा। इसके साथ डिस्ट्रक्टि इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी तैयार होगी। लेबोरेटरी में 50 प्रकार के टेस्ट हो सकेंगे। लैब मेडिकल कालेज की तर्ज पर बनेगी।

### जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा

एमएस डॉ आहहूजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कार्यालय वाली बिल्डिंग को भी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कंडम घोषित कराया जाएगा। मलबे की नीलामी प्रक्रिया पूरी कराएंगे। यहां जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा। अभी तक सिविल अस्पताल में वैक्सीन स्टोर है लेकिन ड्राइंग में वह रसोई का स्थान है।

### अस्पताल में बनेंगे 55 आवास

एमएस डॉ आहूजा ने बताया कि स्टाफ क्वाटर्स जर्जर अवस्था में हैं। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए फ्लैटनुमा 55 आवास बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। रिमाइंडर भी भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद आवासों के लिए जगह चिन्हित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत का दायरा आगामी वर्षों में बहुत विस्तृत होना है। उसी के हिसाब से सरकार को फैसिलिटी भी बढ़ानी होंगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिला के सभी पांच ब्लाक में भी क्रिटिकल केयर ब्लाक (सीसीबी) बनेंगे। सीधा अर्थ, चिकित्सा-व्यवस्था की दशा बहुत सुधरने वाली है।

### राम मंदिर पास के नाम पर हो रही ठगी

**अंबाला।** साइबर अपराधी ठगी को अंजाम देने के लिए तरह तरह के तरीके अपना रहे है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। ऐसे में साइबर अपराधी साइबर ठगी का अंजाम देने के लिए राम मंदिर का उद्घाटन का नाम लेकर साइबर ठगी को अंजाम देने की ताक में है। पुलिस द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें उन्होंने लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। साइबर अपराधियों द्वारा राम मंदिर के उद्घाटन के पास के नाम पर एक एप्लीकेशन व्हाट्सएप ग्रुपों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है जो एक तरह का वायरस है।

### मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है, पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए, समर्पित: निर्मल सिंह

**अंबाला।** कड़ाके की सर्दी के बावजूद रविवार को अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जैन व पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल की अध्यक्षता में निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा का कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वागत समारोह किया गया। स्वागत समारोह में भारी संख्या में उमड़ी भीड़ के उत्साह और जोश को देखकर गदगद निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं व नेताओ का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा की मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है। मेरा पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित है। हमारे सभी साथी उल्टी हवाओं के खिलाफ चले, कष्ट भी सहे लेकिन कभी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने भाजपा सरकार पर बरसते हुए कहा की आज प्रदेश में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के जरिए कच्चे में बदल दिया गया। जिसमें न नौकरी है न पेंशन। यही काम अग्निवीर योजना में हुआ जिसमें 18 साल का नौजवान भर्ती होगा और 4 साल बाद 22 की आयु में बेरोजगार होकर वापस घर लौट आएगा।

### ऑनलाइन लिंक से मिले शिक्षकों को विदेश जाने की अनुमति

**बराड़ा।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से प्राध्यापकों के लिए पूर्व में घोषणा किए और जारी किए पत्र के अनुसार इस लिंक को चालू करने उच्चतर शिक्षा विभाग की तरह विभिन्न तरह की सेवाओं जैसे विदेश जाने की अनुमति उच्च शिक्षा के लिए ली जाने वाली अनुमति को भी ऑनलाइन लिंक के द्वारा ही शुरू करने की मांग की है। इसी तरह सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ शिक्षक वर्ग के सभी साथियों को चिकित्सा अवकाश देने की मांग की है।

**दिन में मिली राहत** | बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं ने घरों से बाहर निकल कर लिया धूप का आनंद

शहर के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंजी

## घने कोहरे ने दोपहर तक छुटाई कंपकंपी, दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन होने से लोग हुए खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर में सुबह के वक्त छाया हुए घने कोहरे में गुजरते हुए वाहन व धूप खिलने के बाद पार्कों में खेलते हुए बच्चे।

पिछले करीब एक पखवाड़े से जिले में पड़ रहे घने कोहरे, आसमान में छा रहे धुंध के बादल और चल रही शीतलहर से रविवार को लोगों को कुछ राहत मिली है। रविवार को रात भर से लेकर दोपहर तक जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और धूंध के बादल छाए रहे। वहीं, दोपहर डेढ़ बजे के करीब जिले में सूर्यदेव के दर्शन हुए और धूप निकली। जिसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली रहने से ट्विन सिटी के पार्कों में पहुंचकर बच्चों ने धूप का खूब आनंद लिया। खासकर शहर के ओपी जिंदल पार्क, मॉडल टाउन के न्यू पार्क, शास्त्री पार्क व नेहरू पार्क आदि में पहुंचकर बच्चों ने धूप का आनंद लिया और खेल का लूत्फ उठाया। लेकिन कुछ घंटे धूप खिलने के बाद भी तापमान में खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई।

रविवार सुबह पिछले एक पखवाड़े की तरह जिले में घना कोहरा छाया हुआ था और शीतलहर चल रही थी। घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पांच किलोमीटर प्रति घंटा से भी कम थी। लोग लाइटें जगाकर वाहनों को धीमी गति से लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचने को मजबूर थे। मगर सुबह 10 बजे के करीब घना कोहरा तो छंट गया। मगर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे मौसम में ठंडक बनी रही।

रविवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब सूर्य देव के दर्शन हुई और धुंध के बादल छंट गए। इसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली और बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गों समेत अन्य लोगों ने घरों से बाहर निकलकर धूप का आनंद लिया। इस दौरान बच्चे पार्कों में लगे झूलों पर झूले और कई बच्चों ने अन्य खेल खेलकर खूब मस्ती की। वहीं बच्चों की माताओं ने इस दौरान पार्क में बैठकर धूप के आनंद के साथ खूब गपशप की। सिटी सेंटर क्षेत्र निवासी रोशनी, मनीषा, कमला व रोजी आदि ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से दिन भर धुंध के बादल छाए रहने व सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहने से मौसम में काफी ठंडक बढ़ गई थी। जिसकी वजह से बच्चे, बुर्जुग, महिलाएं घरों में कैद होकर रह गए थे। वहीं मॉडल टाउन निवासी रविश ने बताया कि धूप निकलने के बाद वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पार्क में पहुंचे हैं। उनका कहना था कि पार्क में धूप का आनंद लेने पहुंचे लोगों की भीड़ से उन्हें पार्क में घूमना काफी अच्छा लगा है।

### तापमान में नहीं हुई खास बढ़ोतरी

जिले में रविवार को अधिकतम तापमान में दो सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी हुई। जिसकी वजह से जिले का तापमान अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

## नगरपालिका कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंत्रियों व सांसदों को ज्ञापन देने की कड़ी में नायब सिंह सैनी सांसद कुरुक्षेत्र के नाम ज्ञापन सांसद की गैरमौजूदगी में सांसद महोदय के प्रतिनिधि को सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सुभाष गुस्सर जिला प्रधान ने किया व संचालन जय प्रकाश राज्य कमेटी मेंबर ने किया। सुभाष गुस्सर ने बताया कि। 15 जनवरी से नगर पालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ईकाई की तरफ से नगर पालिका कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों के बकाया एरियर व एलटीसी को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी और एरियर व एलटीसी के भुगतान होने तक जारी रहेगी। प्रदर्शन में मनजीत भुल्लर ब्लाक प्रधान लाडवा, ललीत कुमार, विक्रम सिंह, संजीव कुमार, अमित कुमार,जोनी,राज कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

■ मांगों को लेकर 15 जनवरी से हड़ताल शुरू की जाएगी



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ये है कर्मचारियों की मांगें

मांगें राम तिगरा राज्य महासचिव नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से बताया कि गुरूग्राम के 3480 कर्मचारियों सहित अन्य छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को पालिका रोल पर लेने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने, सस्पेंशन,ट्रमिनेशन, चार्ज शीट, ज्ञापन पत्र, हड़ताल अवधि का वेतन देने तथा झूठे मुकदमों व अन्य उत्पीड़न की कार्यवाही को रद्द करने,फायर के 1327 व 212 फायरमैनों व ड्राइवरों को सृजित पदों पर समायोजित करने तथा 2063 फायर आपरेटर की भर्ती को रद्द करने, 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी देने,फायर कर्मचारियों के वर्दी भत्ते में किये गए भेदभाव को समाप्त कर पुलिस विभाग की तर्ज पर वर्दी भत्ता देने, दैनिक वेतन भोगी,पार्ट -2,पार्ट टाइम, डीसी रेट पर लगे सभी सफाई, सीवर कर्मियों, ग्रुप सी व डी के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समझौते को लागू करने,सीवर सेफ्टी टैंकों में हो रही मौतों पर रोक लगाने व मृतकों के आश्रितों को 50 लाख रुपए मुआवजा व पक्की नौकरी देने, पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप



### 101 साल की हुई नानी लगाया भंडारा

**सोनीपत।** उजाला पार्टी के सोनीत मंडल युवा अध्यक्ष सोमबीर खोखर ने अपनी नानी छन्नों देवी के 101 वर्ष पूरे होने के उपरांत हवन यज्ञ कर विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान राहगीरों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सुनील बैरागी, लोकसभा प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष राजेश बंसल, सुभाष खोखर, रिंकू कंसाला, ऋषिपल, संजय आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता संजय का किया स्वागत



**राई।** सवेरा युवा मंडल द्वारा मकर सक्रांन्ति के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर संस्था के पदाधिकारियों ने आंतिल का स्वागत किया। आंतिल ने संस्था द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सवेरा युवा मंडल गांव की स्वस्थ व समृद्ध परम्पराओं को जिंदा रखने का प्रयास कर रहा है। युवाओं को संस्कार देने, बुजुर्गों का मान- सम्मान करने, मातृ समाज को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास कर रहा है।

### गोशाला में शिविर, 309 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भारत विकास परिषद की गोहाना शाखा द्वारा श्री नंदलाल गोधाम समिति के तत्वाधान में गांव ठसका स्थित गोशाला में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 309 लोगों ने रक्तदान किया। अध्यक्षता परिषद के हरियाणा मध्य प्रांत के महासचिव विजय रोहिल्ला ने की। उन्होंने स्वयं रक्तदान किया और रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

### जिले में चरमराई स्वास्थ्य सेवाएं : राजेश सरोहा

**सोनीपत।** आम आदमी पार्टी के सोनीपत जिलाध्यक्ष राजेश सरोहा ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बिल्कुल चरमराई हुई है। 13 करोड रुपए की लागत से शिशु केयर की जो नई बिल्डिंग तैयार होनी थी उसका कार्य भी समय पर पूरा नहीं हुआ है। राजेश सरोहा रविवार को पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

### शिक्षा बिना विकसित भारत का सपना अधूरा : झरोठी

**सोनीपत।** मकर संक्रांति के मौके पर राजकीय महिला महाविद्यालय में युवा सम्मेलन कार्यक्रम का अयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमेन अनिल झरोठी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर झरोठो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना विकसित भारत का देखा है वह शिक्षा के बिना अधूरा रह सकता है, इसलिए हम सब मिलकर इस सपने को साकार करने के लिए शिक्षा देने का संकल्प ले।

### मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारा

**खरखौदा।** मकर संक्रांति के अवसर पर अठगामा की आस्था के केंद्र सोभनाथ मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गहलावत अठगामा के प्रधान सतबीर नंबरदार ने की। इस मौके पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। समाज सेवी मोहन सिंह गहलोत ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।

### 271 जरूरतमंद लोगों में वितरित किए कंबल

**गोहाना।** रविवार को मकर संक्रांति पर श्री सनातन धर्म मंदिर शिवाला मस्तनाथ समिति द्वारा पुरानी सब्जी मंडी के निकट शिवाला मस्तनाथ में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ में भंडारा भी लगाया गया। कार्यक्रम में 271 जरूरतमंद लोगों में कंबल बांटे गए।

मकर संक्रांति पर जिलेभर में हुए कार्यक्रम लगाए भंडारे

# वरिष्ठजनों का सम्मान और आशीर्वाद जीवन में लाता है खुशियां : सुरेन्द्र पंवार

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

- विधायक सुरेंद्र पंवार ने शहरवासियों को किया सम्मानित

विधायक सुरेन्द्र पंवार ने कहा कि वरिष्ठजनों के सम्मान व आशीर्वाद से जीवन खुशियों से लबालब हो जाता है। बड़ों का स्नेह जीवन में रक्षक की तरह कार्य करता है। हमे अपने बड़ों का भरपूर सम्मान करना चाहिए। बड़ों की छांव में जितना रहेंगे जीवन उतना ही खुशमयी होता चला जाएगा। विधायक सुरेन्द्र पंवार गोहाना रोड स्थित चन्द्र गार्डन में मकर सक्रांति पर्व पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर देवतुल्य शहरवासियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सभी शहरवासियों को मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी व ईश्वर से सभी के सुखी व स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह में पहुंचने पर वार्ड 19 से पार्षद विजेंद्र मालिक द्वारा विधायक सुरेंद्र पंवार का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। विधायक सुरेंद्र पंवार के साथ पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुरेन्द्र छिक्कारा व वार्ड 20 से पार्षद नीतू दहिया भी मौजूद रही।

विधायक सुरेन्द्र पंवार ने देवतुल्य शहरवासियों को सम्मानित करते हुए कहा कि मकर सक्रांति का पर्व जीवन में खुशियां लेकर आता है। यह पर्व अपने बड़ो को सम्मानित करने का एक सुअवसर है। इस दौरान वेद यादव, भलेराम जांगड़ा, प्रमिला मलिक, रेखा राणा, रामकरण जांगड़ा, नाहर सिंह, कंवर सिंह खत्री, राम सिंह त्यागी, विजेंद्र देशवाल, हरपाल दहिया, कैप्टन बलजीत सिंह, अजीत छिक्कारा, रामकरण दहिया, चतर सिंह, रामकिशन, साहब सिंह, जगबीर, रिंकू छिक्कारा, साधुराम, जितेंद्र राठी, देवेंद्र सहित हजारों की तादाद में शहर वासी मौजूद रहे।



सोनीपत। विधायक सुरेंद्र पंवार शहरवासियों को सम्मानित करते हुए।

#### भाजपा नेता हुए शामिल

भाजपा नेता तरुण देवीदास ने शहर में लोहडी एवं मकर सक्रांति के अवसर पर आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी दिखाई। रोहतक रोड स्थित सिटी पार्क मे भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता तरुण देवीदास ने पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज की।

इसके पश्चात आदर्श सर्व ग्रामीण सेवा समिति द्वारा जिला के गांव मंडोरी स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सातवां वार्षिक महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता तरुण देवीदास ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। भाजपा नेता तरुण देवीदास ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को अयोध्या मे आयोजित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए कहा कि 22 जनवरी देश में दीपावली की तरह मनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर कपिल शर्मा, दयानंद खुंगर, गजेंद्र दहिया, शिव कुमार, जोगिंदर शर्मा, प्रधान दिलबाग सिंह, राजेश वर्मा, जगबीर मलिक आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। भंडारे के दौरान सेवा करते हुए भाजपा नेता तरुण देवीदास।

#### चाची सास को उपहार देकर मनाई संक्रांति



**सोनीपत।** मकर संक्रांति का त्यौहार गांवों में बड़े-बुजुर्गों को मना कर मनाया जाता है। कहते हैं कि रूठे हुए बड़े-बुजुर्गों को इस दिन उपहार देकर मनाया जाता है। इसी परंपरा को निभाते हुए गांव रोहट में बहू प्रोमिला अपनी चाची सास लखमती और प्रमोद कुमारी को संक्रांत पर उपहार देने पहुंचीं। उनके साथ पूर्व सरपंच के पौत्र कपिल दहिया भी मौजूद रहे।

#### लगाया भंडारा

श्री राम शरणम आश्रम सेक्टर-15 में रविवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर एक विशाल धार्मिक सभा एवं सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें आश्रम प्रमुख नवरत्न चोपड़ा ने साधकों को मकर संक्रांति पर्व के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर साधकों को मकर संक्रांति पर गंगा स्नान दान पुण्य को लाभकारी बताया। इस अवसर पर श्री राम सेवा आश्रम द्वारा चलाए जा रहे बच्चों के निशुल्क स्कूल के छोटे बच्चों को सर्दी से राहत के लिए स्वेटर, टोपी आदि वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। अमृतवाणी का पाठ एवं प्रभु भजनों से पर्व धूमधाम से मनाया गया। भंडारे का भी आयोजन किया गया। आश्रम के प्रवक्ता केएल पूनैनी के अनुसार लोहड़ी के दिन झुगी झोपडिय़ों में कम्बल शाल आदि बांटे गए।



गोहाना। हवन में मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालते हुए नागरिक।

#### हवन कर वेद मंत्रों का उच्चारण किया

गोहाना। गोहाना-पानीपत मार्ग पर स्थित लावारिस पीडित गौमाता गौशाला में रविवार को मकर संक्रांति पर्व पर हवन हुआ जिसमें वेद मंत्रों का उच्चारण करते हुए श्रद्धालु ने आहुति डाली। हवन की अध्यक्षता राष्ट्रीय वैदिक धर्मार्थ ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दास सैनी ने की तथा संयोजन महासचिव प्रेम लाल आर्य ने किया। रामेश्वर दास सैनी ने मकर संक्रांति के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार देश की अनेकता में एकता का द्योतक है। महासचिव प्रेम लाल सैनी ने कहा कि मकर संक्रांति का अर्थ ही एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करना है। हवन में आहुति आजाद सिंह दांगी, अशोक आर्य, भूपेंद्र ठेकेदार, बलराज सैनी, प्रेम लठवाल, मोनू सैनी, पराग सैनी, डॉ. रितिका सैनी आदि ने डाली।

#### आमंत्रित किए दादा-दादी और नाना-नानी

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ गोहाना रोड में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के उत्सव का आयोजन किया गया। आज के विशेष दिन विद्यालय के बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी विशेष रूप से आमंत्रित थे और आज का आयोजन उन्हीं को समर्पित था। विद्यालय अध्यक्ष नीरज शर्मा एवं विद्यालय निदेशिका रीमा शर्मा ने आज के अतिथियों की बच्चों के जीवन में महत्ता को स्वीकार करते हुए उनके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। अनेक गतिविधियों में हिस्सा लेते हुए सभी अतिथि अति प्रसन्न थे, मानो फिर से अपना बचपन जी रहे थे। उनके चेहरे की खुशी कार्यक्रम की सफलता का परिचायक थी।

## सेना दिवस पर वीरांगनाओं का सम्मान

- भूतपूर्व सैनिक संगठन ने किया भारतीय सेना दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

भूतपूर्व सैनिक संगठन द्वारा रविवार को बादशाही रोड स्थित दीवान गार्डन में 76वां सेना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेना के सेवानिवृत मेजर जनरल एवं रक्षा विशेषज्ञ विश्म्बर दयाल ने बतौर मुख्यातिथि जबकि पार्क निदान अस्पताल के निदेशक सेवानिवृत लेफ्टिनेंट कर्नल रमेश सेतिया व ग्रुप कमांडर प्रमोद श्रीवास्तव ने विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर संगठन के अध्यक्ष ओमप्रकाश मलिक, सचिव कैप्टन एसएस दहिया ने सभी का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर अतिथियों ने पूर्व सैनिकों के अलावा, शहीद हुए सैनिकों की विरागंनाओं को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।



गन्नौर। सेना के सेवानिवृत मेजर जनरल एवं रक्षा विशेषज्ञ विश्म्बर दयाल का सम्मान करते हुए संगठन अध्यक्ष ओमप्रकाश मलिक।

सेवानिवृत मेजर जनरल विश्म्बर दयाल ने कहा कि देशवासी सैनिकों के साहस एवं समर्पण पर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी 1949 को भारत के अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल फ्रांसिस बुचर के स्थान पर तत्कालीन लेफ्टिनेंट जनरल के एम करियप्पा भारतीय सेना के कमांडर इन चीफ बने थे। इसीलिए हर साल 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। उन्होंने सैनिक परिवार से संगठित रह कर एक दूसरे का सहयोग करने की प्रेरणा दी। विश्म्बर दयाल ने गन्नौर में सीएसडी कैंटीन बनाने व ईसीएचएस की सुविधा शुरू करवाने में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर कैप्टन रिछपाल धनखड़, सुरेश अत्री, संगठन सचिव सुखबीर सिंह दहिया, विजयपाल त्यागी, रतन मलिक, सूबेदार भीम सिंह, सूबेदार राजपाल, दीवान सिंह आदि मौजूद रहे।

### गोशालाओं के लिए 66 लाख के चेक बांटे

**गोहाना।** हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग पंचकूला से गोहाना पहुंचे। उन्होंने शहर के देवी नगर स्थित श्रीकृष्ण आदर्श गौशाला में 9 गौशालाओं के लिए 66 लाख रुपए के चैक वितरित किए। चैक वितरण समारोह की अध्यक्षता श्रीकृष्ण आदर्श गौशाला के अध्यक्ष घनश्याम तायल के न पहुंच पाने पर इसी गौशाला के निवर्तमान अध्यक्ष जय नारायण गुप्ता ने की। चैक वितरण समारोह में गोहाना शहर की दो गौशालाओं में श्रीकृष्ण आदर्श गौशाला को 7 लाख 89 हजार रुपए तथा जींद रोड की श्री गोपाल कृष्ण गौशाला को 7 लाख 85 हजार 500 रुपए के चैक मिले। इस अवसर पर रामधारी जिंदल, रामधन भारतीय, राम कुमार मित्तल, अनिल गोयल, राम कुंवार गर्ग, संदीप शर्मा, राव राजेंद्र सिंह, विनोद जैन, संजीव सिंघल, श्याम लाल वशिष्ठ, राम निवास गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## किसी की सोच को बदलना सबसे मुश्किल कार्य : देवेंद्र कादियान

- ओम शांति मंत्र से मिलती है जीवन में प्रेरणा और शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

ओम शांति ऐसा मंत्र है जो जीवन को प्रेरणा, ऊर्जा, संकल्प और शक्ति देता है। यह शब्द हमारे विचारों को सकारात्मक दिशा में ले जाता है। किसी की सोच को बदलना सबसे मुश्किल कार्य होता है किन्तु अध्यात्म की सहायता से सहज ही संभव हो जाता है। वास्तविक खुशी जीवन में तब मिलती है जब हम समाज के बीच रहकर काम करते है। ये उद्गार ब्रह्माकुमारीज़ के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पहुंचे विख्यात मोटिवेशनल वक्ता प्रो. ओंकार चंद भाई ने ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गन्नौर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अध्यात्म का हमारे जीवन में क्या महत्व विषय पर जनसमूह का संबोधित करते हुए कहे। इससे पहले दीप प्रज्जवलन और म्यूजिकल एक्स्सरसाइज के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर मन्नत गुरप ऑफ होटल्स चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान, विश्व कल्याण सरोवर मुरथल इंचार्ज ब्रह्मा कुमार सतीश कुमार, सोनीपत से बीके रामदेवी ने शिरकत की और मंच संचालन गन्नौर सेंटर संचालिका बीके अर्चना ने किया। इस अवसर पर बीके सुदेश, बीके बबीता, बीके प्रीति, बीके सोनम, बीके दीपा, बीके मोनिका, बीके महेश भाई आदि मौजूद रहे।




गन्नौर। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में देवेन्द्रको स्मृति चिन्ह देते हुए।

## देशभर से आए चिकित्सक डिकोड 2024 में लिया हिस्सा

**सोनीपत।** जीटी रोड स्थित एक होटल में रविवार को डिकोड 2024 द्वितीय दो दिवसीय वार्षिक समारोह का आयोजन करवाया गया। डा. राजेश राजपूत व डा.अनुराग अरोड़ा द्वारा आयोजित इस समारोह में मेडिसिन व इंडोक्रोनोलोजिस्ट के 500 से भी अधिक चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत हरियाणा मेडिकल काउंसिल प्रधान डा. आर के अनेजा व इंडियन मेडिकल ऐसी एसोसिएशन प्रधान डा. अजय महाजन , सीएमओ डा. जय किशोर, डा. एचके अग्रवाल, डा. राजेश राजपूत व डा.अनुराग अरोड़ा, डा.मीना, डा. प्रशांत त्यागी, डा. अनुपमा सेठी अरोड़ा द्वारा किया गया। जिसमें डाइबीटीज फुट वर्कशॉप का डा. एपीएस सूरी, इंसुलिन वर्कशॉप का डा. संजय राजपाल, मेडिकल स्टेटिक्स वर्कशाप का डा. मीना राजपूत और सेक्सुअल हेल्थ इरेक्टाइल डिसफंक्शन का आयोजन देश के जाने मानी हस्ती डा. दीपक जुमानी ने किया। इस प्रोग्राम की मेजबानी डा. निशांत मितल ने की। इस सम्मेलन में भारत देश के नामी चिकित्सकों ने अपने अनुभव सांझा किए। चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी नई जानकारी उपलब्ध कराई। 12 सेशन में सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में तमाम मेटानी लिक डिजीज के बारे में जानकारी दी गयी। डाइबीटीज व इंडोक्राइनोलॉजी का विषय उस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य रहा। इंसुलिन वर्कशॉप, एक डायबीटिज वर्कशॉप, मेडिकल स्टेटिक्स व सेक्युअल हेल्थ इरेक्टाइल डिसफंक्शन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 12 सेशन का आयोजन हुआ। जिसमें इंडोक्राइन इमरजेंसी के बारे में डॉ संदीप वीवान, व डा. संदीप सूरी ने जानकारी दी गयी। हाइपो थाइरोडिज्म, इन डाइबीटिंग के बारे में डा. राजेश राजपूत, डा. रजनीश मित्तल, डा. अनुराग अरोडा व मेडिकल इथिक्स के बारे में डा.आर के अनेजा ने जानकारी दी।

## दौड़ में रोहताश और सुनीता रहे अव्वल

- सवेरा युवा मंडल की ओर से खेलों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राई

गांव नांदनौर-असदपुर में सवेरा युवा मंडल की तरफ से रस्साकशी, दोघड़ रेस, दौड .(बुजुर्ग)-(युवा) और (बच्चे) के खेल आयोजित किए गए। खेलो में पहुंचने पर डा. गुलशन चौहान ने सभी का स्वागत किया। राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा (माखन भोग वाले) ने खेलो में सफलतापूर्वक आयोजन के लिए 22 हजार का योगदान कमेटी को दिया, इसके अलावा 5100-5100 की दो रेस बुजुर्ग दादा और दादी की करवाई। जिसमे पुरुषों की रेस में कुमासपुर के रोहताश जीते और महिलाओं में सुनीता (भटगांव) की जीती। उन्होंने रक्तवाहिनी टीम का अभिवादन करते हुए 2100 रुपये से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संस्था समाज सेवा के साथ खेलो को बढ़ावा दे रही है। गांवों में युवाओं को खेलो के प्रति प्रेरित करने के लिए उनकी तरफ से पूरा सहयोग है। उन्होंने कहा कि खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। इसलिए जीवन में कोई न कोई खेल जरूर खेलना चाहिए। संस्था की तरफ से खेलो में इतना योगदान देने पर प्रतिक शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जयनारायण आंतिल, दीपक, गुलशन राई, संदीप, कृष्ण रावत, सतनारायण, प्रेम गौतम, प्रदीप आदि मौजूद रहे।



राई। राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा का स्वागत करते संस्था के पदाधिकारी।




### यदुवंशी शिक्षा निकेतन के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के 29वें स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य समारोह का आयोजन रविवार को मकर संक्रांति के पार्वन पर्व पर नई अनाज मंडी चरखी दादरी में बडे ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक मुख्यातिथि तथा सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार व गौरव अग्रवाल ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वति के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की परंपरानुसार सभी आगंतुकों का टोपी पहनाकर एवं बैज लगाकर स्वागत किया। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को गति प्रदान कर स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में हरियाणवीं नृत्य ने हरियाणी संस्कृति की याद दिलाई। समारोह में हरियाणवी समूह नृत्य में छात्राएं ने अपनी-अपनी अनेक प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा हरियाणवीं ग्रुप डांस ने खूब तालियां बटौरी। भक्त संगीत में शिव तांडव, मेरे घर राम आए तथा श्रीराम अयोध्या ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। इसके अतिरिक्त रंगीलो म्हारो डोलना, मैं फिल्म चंद्रावल देखूंगी, आरंभ है प्रचंड है तथा रुण झूण समारोह में आकर्षण का केंद्र रहा। पूर्व राज्यपाल एवं प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ सत्यपाल सिंह मलिक ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

### भाजपा नेता जैन ने संस्था प्रतिनिधियों की बैठक ली

## श्रीराम शौर्य व उत्सव यात्रा का होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि शहर के प्रमुख सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाएं आगामी 21 जनवरी को श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा का स्वागत करेगी, सभी संस्थाएं जगह-जगह स्टाल एवं स्वागत द्वार लगाकर सनातन प्रेमियों के साथ मिलकर रामजी की यात्रा पर पुष्प वर्षा करेंगे। राजीव जैन स्थानीय अग्रसेन भवन में रविवार को आयोजित बैठक में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। राजीव जैन ने बताया कि इस दौरान यात्रा स्वागत के लिए अपने-अपने स्थान लिखवाये और शोभा यात्रा में राम परिवार, अयोध्या में निर्मित मंदिर के प्रतिरूप की झांकी के साथ रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि की झांकी भी शामिल करने का सुझाव दिया गया। यात्रा की रुपरेखा रखते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने बताया कि सबसे पहले हनुमान मंदिर कोर्ट में हनुमान चालीसा का पाठ होगा।



सोनीपत। सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं की बैठक लेते हुए भाजपा नेता राजीव जैन।

## कलश यात्रा में लगाए जय श्रीराम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राई

गांव बहालगढ़ मे अयोध्या मे बने राम मंदिर के 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में जय श्री राम के नारों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। बैंड बाजों के साथ नाचते कूदते पुरे जोश से महिलाओ और बड़े बुजर्गो व बच्चों ने कलश यात्रा निकाली। यात्रा गांव बहालगढ़ से होते हुए गांव के शिव मंदिर के राम दरबार मे कलश को स्थापित किया गया। यात्रा में गांव के सरपंच राजेश स्वामी, मास्टर नरेंद्र धीमान, सुनील रोहिल्ला, सुरजीत प्रधान, डा. सुनील आंतिल, जग्गी कौशिक, कमल कौशिक, सभी पंच, सेवा गिरी महाराज, हिन्दू वाहिनी सोनीपत, संस्था के मैम्बर संजय लोहिया, साहिल आदि यात्रा में शामिल हुए। मंदिर के पुजारी अवदेश पंडित द्वारा तिलक करवाकर यात्रा का शुभारंभ किया और इस कलश यात्रा मे राम दरबार की झांकी भी निकाली गई।



राई। कलश यात्रा के दौरान मौजूद मास्टर नरेन्द्र धीमान व सरपंच राजेश स्वामी ।

## खबर संक्षेप

### कोहरे व शीतलहर ने लोगों की छुड़ाई कंपकपी

गन्नौर। पिछले कई दिनों से लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत नहीं मिल रही है। रविवार को भी दोपहर करीब 1 बजे तक कोहरा छाया रहा। इस दौरान शीतलहर ने भी लोगों की खूब कंपकपी छुड़ाई। दोपहर को निकली धूप से लोगों को राहत मिलती दिखाई दी।

### चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित काबू

सोनीपत। मुरथल थाना पुलिस ने फैक्टरी में चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जगमोहन उर्फ गोपाल निवासी शिमला कलां हरदोई यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

### अस्पताल के पास खड़ी पिकअप चोरी, केस दर्ज

सोनीपत। गांव कुंडली निवासी विक्रमपाल ने बताया कि उसके पास पिकअप गाड़ी है। उसने अपनी गाड़ी को गत 12 जनवरी को नवल अस्पताल वाली गली में खड़ा कर दिया। अगले दिन जाकर देखा तो गाड़ी गायब मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### खानपुर अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी

सोनीपत। पुलिस को दी शिकायत में जनता कॉलोनी निवासी मनोज ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ आदर्श नगर में छोटी पुलिया के पास मौजूद था। उसके दोस्त को किसी ने चाकू मारकर घायल कर दिया। वह अपने दोस्त को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर इलाज के लिए लेकर गया था। वह अपने दोस्त के साथ खानपुर चला गया। वहां से वापिस आकर पुलिया के पास पहुंचा। जहां उसकी बाइक गायब मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर ली है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं : बिप्लव देव

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान

- भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने अयोध्या में राम मंदिर में दर्शनों का निमंत्रण दिया
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल विदेश जाने के इच्छुक 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार के लिए इजरायल भेजेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के हरियाणा प्रभारी बिप्लब देव ने रविवार को मोई हुड्डा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंच कर लोगों को अयोध्या में राम और राम मंदिर के दर्शनों का निमंत्रण दिया। उनके अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को मंदिर का शुभारंभ करेंगे।

प्रदेश प्रभारी ने प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियों का स्मरण करवाया। वे बोले कि नरेंद्र मोदी जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं। यह इसीलिए संभव है क्योंकि देश के लोग उसके साथ खड़े हैं और उसकी हर बात मानते हैं। बिप्लव देव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण बिल पारित करवाया और वन रैंक-वन नेशन लागू की। जबकि पहले केवल बातें ही की जाती थी। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे इस यात्रा में लाभ से छूट गए लोगों को भी इसका लाभ पहुंचायें। लोग इस संकल्प यात्रा का पूर्ण लाभ उठायें। इस मौके पर विधायक मोहनलाल बड़ौली, विधायक निर्मल चौधरी, पूर्व मंत्री कविता जैन, भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, पूर्व जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, योगेश्वर दत्त, परमवीर सैनी, सरपंच पवन, जगदीश भारद्वाज, सीईओ डा. सुशील मलिक व एसडीएम आशीष वशिष्ठ सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


गोहाना। प्रदेश प्रभारी बिप्लव देव लाभार्थियों को गैस चूल्हे भेंट करते हुए।

#### लाभार्थियों में वितरित किये कार्ड

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देव ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व कार्ड वितरीत किये। उन्होंने रामधारी को बीपीएल कार्ड, सुमित्रा व संतोष को वृद्धावस्था पैंशन और संतरा, कविता, रामभतेरी, चमेली, काजल व हिमांशु को आयुष्मान-चिरायु योजना के कार्ड भेंट किये।

# कांग्रेस की नीतियों का रथ लेकर निकले अनूप


गोहाना। रथ रवाना करने के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनूप मलिक।

गोहाना। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव नजदीक हैं ऐसे में राजनीतिक दलों के नेताओं से लेकर कार्यकताअरं ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इस कड़ी में गोहाना विधानसभा क्षेत्र के गांव सरगथल निवासी एवं एफसीआई के पूर्व सदस्य अनूप मलिक ने रविवार को अपने गांव से कांग्रेस पार्टी का चुनाव प्रचार से सजा रथ सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के लिए रवाना किया। कांग्रेस वरिष्ठ नेता अनूप मलिक ने ग्रामीणों के साथ हवन यज्ञ करके ग्रामीणों का आशीर्वाद लिया। महंत श्री श्री 1008 भले गिरी भी आशीर्वाद देने पहुंचे। रथ प्रचार में पूर्व में रही कांग्रेस सरकार की 10 साल की उपलब्धियां तथा आगामी होने वाले चुनाव के कांग्रेस पार्टी के वायदो भी दशार्या गया। अनूप मलिक ने कहा कि जनता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में किए गए कामों को याद करके दोबारा से उनको सत्ता में देखना चाहती है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अर्जुन दहिया, परमेंद्र जौली, रेखा मलिक, जितेंद्र जांगड़ा, कंवर भावड़, डॉ. सन्नी मलिक, रणदीप मलिक, जिला पार्षद सतीश पुरखास, राजेश तिहाड़ मलिक, सुरेश काला, जगदीश ठेकेदार भावड़ और सुनील कोहला आदि थे।

# गांधी नगर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शहर के गांधी नगर में पहुंची,यात्र का लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक निर्मल चौधरी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनकल्याण व जनसेवा को समर्पित होकर आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में शनिवार को शहरी क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को उनके घर द्वार पर योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शहरी क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समाज के सबसे कमजोर और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए पिछले लगभग 10 वर्षों में शुरू की गई उज्ज्वला योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं को शत-प्रतिशत अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक निर्मल चौधरी ने उज्जवला योजना के पात्र लाभार्थियों को गैस सिलेंडर तथा गैस चूल्हे वितरित किए। गर्भवती महिलाओं को फल, लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, पेंशन पत्र, प्रोपर्टी कार्ड, आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत एलआईसी पॉलिसी वितरित की गई। नपा चेयरमैन अरुण त्यागी, राजेन्द्र त्यागी, नपा सचिव पवित्र गुलिया, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर टीना आंनद आदि मौजूद थे।



गन्नौर। गोदभराई के तहत महिलाओं को फ्रूट किट देते विधायक निर्मल चौधरी।

# पंजाबी बिरादरी एकता संघ ने बनाई कमेटयां

- शहीद मदनलाल ढींगड़ा सामुदायिक केंद्र पर विस्तारीकरण पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पंजाबी बिरादरी एकता संघ की मीटिंग प्रधान मोहन टुटेजा की अध्यक्षता में कार्यालय में हुई। मीटिंग में शहीद मदनलाल ढींगड़ा सामुदायिक केंद्र पर विस्तारीकरण पर चर्चा की गई। महासचिव सतीश विज ने बताया कि हॉल को बड़ा कर दिया गया है, जिसके साज-सज्जा, रंग आदि का काम हो रहा है। इस अवसर पर विचार-विमर्श के बाद सब कमेटियां बनाई गई। इसमें प्रोग्राम कमेटी, वित्त कमेटी, भवन की देखरेख व बुकिंग कमेटी, प्रचार कमेटी, प्रेस कमेटी और शिक्षा कमेटी बनाई गई। इस अवसर पर पवन बतरा, डा. मनोज राय, डा. ओपी आदि मौजूद रहे।


सोनीपत। बैठक करते हुए पंजाबी बिरादरी एकता मंच के पदाधिकारी।


गन्नौर। समाजसेवी देवेन्द्र कादियान रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए।

# शिविर में 45 युवाओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

गन्नौर। सिटीजन पार्क में रविवार को जनहित फाउंडेशन के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में बतौर मुख्यातिथ देवा वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने स्वयं रक्तदान करके शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में 45 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। युवाओं को प्रेरित करते हुए समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर में कोई कमी नहीं आती। रक्तदाताओं को इसका लाभ ही मिलता है। कादियान ने कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें समय - समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। देवेन्द्र कादियान ने कहा कि रक्तदान से दूसरे व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। समय से रक्त न मिलने के कारण कई मरीज अपना जीवन खो देते हैं।

## सौरभ बने लीगल सेल के चेयरमैन

सोनीपत। अधिवक्ता सौरभ सचदेवा को कांग्रेस पार्टी की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के हरियाणा प्रदेश के लीगल सेल के चेयरमैन नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव द्वारा की गयी। सचदेवा ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए राज्यसभा सांसद दीपेंदर हुड्डा, एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव का धन्यवाद किया एवं विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे व सच्ची निष्ठां ईमानदारी से निभाएगे व छात्र हित के मुद्दे सड़क से लेकर न्यायालय तक उठाते रहेंगे। उन्होंने मुख्य तौर पर छात्राओं के साथ विद्यालय, महाविधालय में हो रही योन उत्पीड़नता जैसे गंभीर समस्या पर छात्राओं के पक्ष में वकालत करने की बात कही। इस अवसर में विधायक सुरेंद्र पंवार ने उन्हें मुंह मीठा कराया व शुभकामनाएं दी।


सोनीपत। अधिवक्ता सौरभ सचदेवा

# पदक विजेताओं को साइकिल देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हल्के के गांव लाडपुर छतैहरा में मकर संक्रांति के अवसर पर ग्रेपलिंग कुश्ती में नेशनल ब्रांज मेडल विजेता कार्तिकेय पाराशर और अतिन कौशिक का टीम दीपेंद्र हुड्डा राई ने उनके गांव की चौपाल में रेंजर साईकिल भेंट कर उनको सम्मानित किया और भविष्य में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। पीसीसी डेलीगेट हरियाणा प्रदेश कांग्रेस जसपाल आंतिल खेवड़ा ने खिलाड़ियों को खेल और शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव मदद करने के लिए कहा। सांसद दीपेंद्र हुड्डा राई हमेशा से खेल और खिलाड़ियों के सम्मान में आगे रहते है। कांग्रेस नेता जसपाल आंतिल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा ने पदक विजेता खिलाड़ियों का इतना सम्मान किया था कि प्रदेश के खिलाड़ी आज भी याद कर रहे है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यकाल में खिलाड़ियों को उच्च पदों पर भी नियुक्तियां दी गईं थी। इस दौरान जिला प्रवक्ता सोनीपत यूथ कांग्रेस प्रवीन नात्थूपूर, जिला अध्यक्ष सेवादल राहुल मुकीमपुर, हल्का उपाध्यक्ष राई यूथ कांग्रेस अमित नाहरा, सुंदर बिंदरौली आदि थे।


राई। पीसीसी डेलीगेट हरियाणा प्रदेश कांग्रेस जसपाल आंतिल खेवड़ा पदक विजेताओं को साईकिल देकर सम्मानित करते।

# निगम पार्षद ने गोशाला को दी सहयोग राशि

राई। मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई सरकार से पार्षद को मिलने वाले पैसे को एक लाख एक हजार रुपये जाखौली गौशाला में और एक लाख एक हजार रुपये मुरथल गौशाला में व इक्यावन हजार रुपए मुरथल में बने गौमाता उपचार केंद्र में सहयोग राशि दी । गौ सेवकों ने पुनीत राई द्वारा गऊशाला में दिए गए लाखों रुपएं के सहयोग की सराहना की। गऊशाला समिति द्वारा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई को गाय का देशी घी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने संबोधित करते हुए कहा कि गौ की सेवा माता की सेवा के समान है। सरकार द्वारा भी गौ के संरक्षण के लिए भी कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मौके पर जैनपुर सरपंच परविंदर, वीरेंद्र मुरथल, सुंदर जठेड़ी, प्रदीप आंतिल, सुनील आंतिल, अनिल मुरथल, अमरीश त्यागी, संजीव त्यागी आदि थे।



# मान इंटरनेशनल स्कूल में लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-खरखौदा मार्ग स्थित मान इंटरनेशनल स्कूल में स्व. राज सिंह मान की स्मृति में 12वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 80 नागरिकों ने रक्तदान करके स्व. राज सिंह मान को श्रद्धांजलि दी। स्कूल में रक्तदान शिविर के साथ विज्ञान प्रदर्शनी भी आयोजित की गई जिसमें भावी वैज्ञानिकों ने वर्किंग मॉडल प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई। रक्तदान शिविर व विज्ञान प्रदर्शनी की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन दीपक मान ने की। दीपक मान ने शिविर में 50वीं बार रक्तदान किया। कार्यक्रम के लिए संयोजन मंजू मान का रहा। शिविर में प्रमुख रक्तदाताओं में विक्रम दूहन, रोहतास मान, जसवंत, अमित, प्रदीप, संजीव बजाज और मोहित मान ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के भावी वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए। प्रमुख अतिथि डॉ. विकास मलिक, राजकीय कॉलेज बड़ौता से लेफ्टिनेंट अनिल, डॉ. सुनील और डॉ. मुकेश रुहिल थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### गोवा में 10 से 13 दिसंबर तक आयोजित थी राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता

# राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स में म्हारे छोरों ने जीते पदक


सोनीपत। स्वर्ण व कांस्य पदक विजेता भटगांव निवासी सुमित दहिया पदक दिखाते हुए।


सोनीपत। लंबी कूद स्पर्धा में कांस्य पदक विजेता सोनीपत के गन्नौर निवासी विशु त्यागी।

- भटगांव के सुमित दहिया ने शॉटपुट में स्वर्ण पदक और जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गोवा में 10 से 13 जनवरी तक आयोजित की गई 22वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2024 में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में सोनीपत के गांव भटगांव निवासी सुमित दहिया ने शॉटपुट में स्वर्ण व जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक जीता। गांव खेवड़ा निवासी विकास चौहान ने लंबी कूद में रजत पदक और गन्नौर के विशु त्यागी ने 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत प्रदेश व जिले का मान बढ़ाया है। गोवा में आयोजित राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गांव भटगांव निवासी सुमित दहिया 10 जनवरी को गोवा के लिए रवाना हुए थे। जहां 11 जनवरी को जैवलिन थ्रो स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। सुमित ने इस स्पर्धा में 16.52 मीटर भाला फेंक कांस्य पदक जीता। वहीं 12 जनवरी को हुई शॉटपुट स्पर्धा में 6.79 मीटर गोला फेंक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लाडले के उपलब्धि से आर्मी से सेवानिवृत्त पिता प्रेम सिंह दहिया व गृहिणी माता सुदेश फूले नहीं समा रहे हैं। वहीं अधिवक्ता बहन सोनिया ने भी छोटे भाई की सफलता पर बधाई दी है।



सोनीपत। लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक विजेता सोनीपत के गांव खेवड़ा निवासी विकास चौहान को पदक पहनाकर सम्मानित करते हुए।

#### यह हैं विशु की उपलब्धियां

-साल 2022 में राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण व कांस्य पदक जीता।
-साल 2023 में राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।
-दिसंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया पैरा खेलों में प्रतिभागिता की

#### यह हैं सुमित की उपलब्धियां

-12 दिसंबर 2023 : दिल्ली में हुए खेलो इंडिया पैरा खेलों में रजत व कांस्य पदक जीते
-मार्च 2022 : पूणे में आयोजित प्रतियोगिता में जैवलिन थ्रो व शॉटपुट में दो स्वर्ण पदक जीते
-दिसंबर 2022 : बंगलूरू में आयोजित ओपन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

#### बीए प्रथम वर्ष का छात्र है सुमित

भटगांव निवासी सुमित सोनीपत में सीआरए कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष के छात्र हैं। परिजनों ने बताया कि साल 2017 में दोस्तों के साथ कार में गांव से नकलोई जाते समय बाइक सवार को बचाने के प्रयास में हुए सड़क हादसे में सुमित को गंभीर चोटें आई थी। हादसे के डेढ़ साल बाद उन्होंने महलाना निवासी प्रशिक्षक अमित बाल्याण की प्रेरणा से पैरा खेलों में भाग लिया और अभ्यास शुरू किया। कोच अमित बाल्याण व रोहतक में कोच सुनील फोगाट की प्रेरणा व मार्गदर्शन में सुमित निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

#### विकास ने करंट में गंवा दिया था हाथ

गोवा में आयोजित 22वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गांव खेवड़ा के विकास चौहान ने शानदार प्रदर्शन किया। जहां 12 जनवरी को हुई लंबी कूदह स्पर्धा में 6.49 मीटर लंबी छलांग लगाते हुए रजत पदक अपने नाम किया। लाडले की उपलब्धि से किसान पिता सूरत सिंह व गृहिणी माता मंजू देवी बेहद खुश हैं। पिता सूरत सिंह ने बताया कि विकास जब करीब 8 साल के थे तब 11 हजार वोल्ट का करंट लगने से बायां हाथ गंवाना पड़ा था। खेलों में बचपन से ही रूचि थी। एक हाथ नहीं रहने से वह मायूस हो गया था, लेकिन कभी हार नहीं मानी। कुछ साल पहले गांव के ही राजकुमार ने पैरा गेम्स में प्रतिभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिसके बाद लंबी कूद का अभ्यास शुरू किया था। परिजनों ने बताया कि विकास ने गत माह दिल्ली में हुए खेलो इंडिया पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

#### विशु को थी नाइट ब्लाइंडनेस की समस्या

मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद जिले के गांव कनौजा फिलहाल गन्नौर के वार्ड नंबर 5 महादेव नगर की गली नंबर एक निवासी विशु ने गोवा में आयोजित 22वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता है। विशु त्यागी ने बताया कि उन्हें बचपन से ही नाइट ब्लाइंडनेस की समस्या थी। यह समस्या समय के साथ बढ़ती गई। हमेशा सोचते थे कि जीवन में वह क्या करेंगे। स्नातक की पढ़ाई के दौरान उनके बड़े भाई निशांत त्यागी ने पैरा खेलों में प्रतिभागिता करने के लिए प्रेरित किया। दूसरे भाई आशुतोष त्यागी ने आगे बढ़ने के लिए हर कदम पर पूरा सहयोग दिया। विशु ने बताया कि वह स्नातक पूरी कर चुके हैं और खेलों में नई पहचान पाने के लिए निरंतर अभ्यास कर रहे हैं।